1	ग्रुप/ क्लास I	6520 छात्रों की संख्या के अनुसार 717	48	81	01	00	00	हाँ	साइकिल–1, प्वाइंट 81 तक
2	ग्रुप ch/ क्लास II		284	278	07	00	00	हाँ	साइकिल–3, प्वाइंट 78 तक
3	ग्रुप lh/ क्लास III		219	347	10	00	02	हाँ	साइकिल–4, प्वाइंट 47 तक
4	ग्रुप Mh/ क्लास IV		79	24	00	00	00	हाँ	साइकिल–1, प्वाइंट 24 तक

.04.2016 को मैस कर्मचारियों की संख्या
काऊन्सिल ऑफ वार्डन के माध्यम से भर्ती

	/ /	/ / /	/प/ /	६	
.					

ब रद्द रद्द इ .

.टेक	/ /	/ / /	/ / /
ो			
ो			
ो			
ो			
ो			
ोो			
ो			
ो			

बीएस	अ/ /	अ/ / /	अ/ / /
रसायन	4	1	8
गणित	8	5	13
अर्थशास्त्र	6	3	10
भौतिकी	4	2	6
कुल	22	11	37

एमएससी (2 वर्ष)	अ/ /	अ/ / /	अ/ / /
रसायन	6	3	12
गणित	5	3	11
सांख्यिकी	7	1	15
भौतिकी	5	3	9
कुल	23	10	47

एमएससी–पीएचडी दोहरी उपाधि)	अ/ /	अ/ / /	अ/ / /
भौतिकी	0	0	1
कुल	0	0	1

शैक्षिक वर्ष 2015–16 में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या

एमटेक/एमबीए /एमडेस छात्र	अ/ /	अ/ / /	अ/ / /
एई	2	0	16
सीएचई	1	1	6
सीई	5	2	7
ईई	6	1	14
एमई	5	4	12
एमएसई	0	0	5
सीएसई	3	0	6
एमएसपी	2	0	7
आईएमई	0	0	4
एमबीए	0	0	2
एनईटी	1	1	0
पीएसई	0	0	2
ईईएम	0	0	2
बीएसबीई	0	0	1
ईएस	0	0	1
डीईएस	4	0	4
कुल	32	9	89

पीएच.डी छात्र	अ/ /	अ/ / /	अ/ / /
एई	1	0	5
सीएचई	2	0	1
सीई	2	1	1
ईई	1	0	3
एमई	2	0	3
एमएसई	1	0	2
सीएचएम	1	0	10
मेथस	1	0	2
फिजिक्स	1	0	3
फिजिक्स दोहरी उपाधि	1	0	1
एचएसएस	0	0	1
सीएसई	0	0	0
एमएसपी	0	0	1
आईएमई	0	0	0
एनईटी	0	0	1
पीएसई	0	0	0
बीएसबीई	1	0	5
ईएस	2	0	0
डीईएस	1	0	0
कुल	17	1	39

राजभाषा प्रकोष्ठ

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, जिसमें देश भर के विद्यार्थियों को विज्ञान, अभियांत्रिकी, तकनीकी और सामाजिक तथा मानविकी विज्ञान में उच्च शिक्षा प्रदान की जाती है। यहाँ शिक्षण/पाठ्यक्रम और अनुसंधान तथा शैक्षणिक गतिविधियाँ अंग्रेजी भाषा के माध्यम से सम्पन्न की जाती हैं।

संस्थान में राजभाषा प्रकोष्ठ की स्थापना सन 1986 में की गई थी। प्रकोष्ठ का अपना निजी कार्यालय है, जिसमें सुचारू रूप से कार्य सम्पन्न कराने के लिए तीन द्विभाषी कम्प्यूटर उपलब्ध हैं। प्रकोष्ठ के संचालन के लिए एक संपर्क अधिकारी (हिन्दी), एक तकनीकी अधीक्षक (अनुवाद), एक कनि. तक. अधीक्षक (अनुवाद) एवं एक उप प्रबंधक (परियोजना) तथा एक अटेन्डेन्ट है। यह प्रकोष्ठ संस्थान के कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है। प्रकोष्ठ की योजना निर्धारण तथा कार्य–निष्पादन में दिशा–निर्देशन के लिए संस्थान के निदेशक द्वारा 'संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति' का गठन किया गया है। संस्थान में वर्षभर हिन्दी का वातावरण बनाए रखने के लिए प्रकोष्ठ नई–नई गतिविधियाँ जैसे–हिन्दी दिवस/हिन्दी कार्यशालाएं/सम्मेलनों/संगोष्ठियों आदि का अयोजन करता रहता है।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के दिशा–निर्देशानुसार सितम्बर माह में हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसी संदर्भ में अगस्त–सितम्बर माह 2015 के अंतर्गत हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसके पश्चात 14 सितम्बर 2015 को हिन्दी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। हिन्दी दिवस समारोह में 34 विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा संस्थान की प्रशासनिक इकाईयों से निकलने वाले समस्त कार्यालय आदेशों, परिपत्रों, सूचनाओं, वार्षिक प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखा प्रतिवेदन के अनुवाद का कार्य किया जाता है।

इसके अतिरिक्त संस्थान के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए हिन्दी टाइपिंग एवं हिन्दीतर भाषा–भाषी कर्मचारियों के लिए प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।
राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा त्रैमासिक हिंदी समाचार पत्र 'सजग' तथा अर्द्धवार्षिक हिन्दी पत्रिका 'अंतस' का प्रकाशन किया जा रहा है। मंत्रालय तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को हिन्दी की प्रगति संबंधी तिमाही एवं छमाही रिपोर्ट समय पर भेजी जाती हैं ।

मीडिया टेक्नोलॉजी केन्द्र

मीडिया टेक्नॉलॉजी केन्द्र' प्रोत्साहन की भावना को विकसित करने तथा सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए इच्छुक प्रतिभाओं की खोज करने का एक प्रयास है । केन्द्र का उद्देश्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के विद्यार्थियों के लिए अपनी सृजनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए उन्हें एक सार्थक मंच प्रदान करना है जिसके अध्ययन से विद्यार्थी तकनीकी एवं वैज्ञानिक शिक्षा का आदान प्रदान कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें।

एनपीटीईएल

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, समस्त आईआईटी एवं आईएससी बंगलौर का एक संयुक्त उपक्रम है। इस उपक्रम का उद्देश्य हर व्यक्ति तक ज्ञान पहुँचाना है । इसके अतिरिक्त ज्ञान की उस खाई (अंतर) को भी भरना है जो उच्च शिक्षण संस्थान जैसे IITs/IISc और सरकार द्वारा पोषित देश के अन्य शिक्षण संस्थानों या विश्वविद्यालय के बीच में कायम है।
प्रथम चरण में 80 पाठ्यक्रमों को विकसित किये जाने की योजना है हालाँकि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा अभियांत्रिकी, विज्ञान, मानविकी एवं प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल करते हुए 138 पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक विकसित किया जा चुका है। वर्ष 2014 से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने अन्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों एवं भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलौर की मदद से ऑन लाइन सर्टिफिकेशन कोर्सस (MOOCs) को विकसित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा जनवरी–अप्रैल 2016 के मध्य 18 ऑन लाइन सर्टिफिकेशन कोर्सज (MOOCs) को विकसित कर लिया गया है। इसके साथ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर जनवरी 2015 तक पचास ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्सस (MOOCs) को विकसित करने का ऐतिहासिक कार्य पूरा कर चुका है। आगामी सत्र जो 18 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है तक अन्य 30 ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्सज (MOOCs) को विकसित कर लिया जाएगा (इसमें 25 नये कोर्स होगें, 4 री–रन कोर्स होगें जबकि 1 कोर्स री–पर्पज्ड होगा) उल्लेखनीय है कि उक्त सभी पाठ्यक्रम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के संकाय सदस्यों द्वारा विकसित किये जा रहे हैं। जनवरी 2016 से 38 कॉलेजों को हमारे कार्यालय द्वारा

एनपीटीईएल पाठ्यक्रम उपलब्ध कराये जा चुके हैं । जनवरी 2016 से उक्त 38 पाठ्यक्रमों को विकसित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से 3,58,65000 (तीन करोड़ अठावन लाख तथा पैसठ हजार) रूपये की धन राशि प्राप्त हो चुकी है । इस सबके अतिरिक्त भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर द्वारा 11 पाठ्यक्रमों के लिए मूल प्रतिलिपि तैयार कर ली गई है। संस्थान की योजना वर्ष के अन्दर 6 और पाठ्यक्रमों की मूल प्रतिलिपियाँ तैयार करने की है।

भा.प्रौ.स. कानपुर वेबसाइट

वर्तमान में मीडिया टेक्नोलॉजी केन्द्र की एक टीम भा.प्रौ.स. कानपुर की लगभग सभी उप वेबसाइटों को उन्नत करने में जुटी हुई है । इन वेबसाइटों में सभी विभागों, अधिष्ठाताओं, केन्द्रों, प्रयोगशालाओं एवं संस्थान के अन्दर संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की वेबसाइट शामिल हैं। गत वर्ष इस टीम ने संस्थान की लगभग समस्त महत्वपूर्ण वेबसाइटों को पुनः विकसित करके उनको प्रचालित करने का कार्य किया है। ये वेबसाइटें ग्राफिक इंटरफेस एवं उपयोगिता के मामले में बेहतर हैं । इस परियोजना का उद्देश्य संस्थान से जुड़ी सूचनाओं को उपयुक्त तरीके से व्यवस्थित करने तथा वेबसाइट के माध्यम से संस्थान की ख्याति को समाज के सामने लाना है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट से जुड़ी टीम संस्थान द्वारा संचालित प्रत्येक वेबसाइट को नया लुक देने में जुटी है। टीम द्वारा हाल ही में सक्रिय की गई कुछ वेबसाइटों में स्वास्थ्य केन्द्र, पदार्थ विज्ञान पाठ्यक्रम, क्रय एवं भण्डारण अनुभाग की वेबसाइट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों/अनुभागों से अनुमोदन मिलने के पश्चात कुछ और वेबसाइट भी लॉंच होने के लिए तैयार हैं । इन वेबसाइटों में संपदा कार्यालय, संस्थान निर्माण विभाग, अधिष्ठाता अनुसंधान एवं विकास की इंटरानेट वेबसाइट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त यह टीम राजभाषा प्रकोष्ठ के सहयोग से संस्थान के प्रत्येक विभाग की हिन्दी वेबसाइट को भी तैयार करने में जुटी है। संस्थान की मुख्य वेबसाइट एवं स्वास्थ्य केन्द्र की वेबसाइट हिन्दी भाषा में लॉंच की जा चुकी है।

90.4. एफ एम सामुदायिक रेडियो केन्द्र

इस रेडियो केन्द्र का उद्देश्य संस्थान एवं संस्थान के बाहर के समुदाय को एक जुट बनाए रखने का है। ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों के विकास हेतु सामाजिक एवं शैक्षणिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर की एक पहल है । गैर–लाभ एवं गैर व्यावसायिक केन्द्र के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सामुदायिक रेडियों केन्द्र का उद्देश्य संस्थान परिसरवासियों को विद्यार्थियों से जोड़ने, कृषि, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा शिक्षा पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक बनाने एवं स्थानीय लोगों को रेडियो केन्द्र के रूप में एक मंच प्रदान करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है ।

जहाँ तक संभव है हम संस्थान परिसरवासियों, विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों को अपने कार्यक्रमों में शामिल करने का प्रयास करते हैं तथा उन्हें ई–मेल, नियमित रेडियो घोषणा (प्रचार) तथा क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से जोड़ते हैं। विषयों एवं योजनाओं पर परिचर्चाएं आयोजित की जाती हैं तथा जैसे ही इन विचारों/योजनाओं की धारणाओं को अंतिम रूप दे दिया जाता है तो दल एवं स्वयंसेवक एक साथ कार्य करना शुरू कर देते हैं। आस–पास के क्षेत्रों के लोग भी आगे आ रहे हैं तथा संचार के इस माध्यम का प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं। ई–मेल तथा क्षेत्र सर्वेक्षण के माध्यम से लोगों के सुझाव प्राप्त हो रहे हैं । हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को अपने साथ जोड़ कर अच्छे एवं सार्थक कार्यक्रम प्रस्तुत करना है

वर्ष 2014–2015 के दौरान आईआईटी कम्यूनिटी रेडियो द्वारा 'नया सवेरा' नामक एक श्रंखला प्रसारित की गई है। इस कार्यक्रम के तहत स्तनपान, कुपोषण, ओआरएस साल्यूशन जैसे विषयों पर डाक्टर्स की सहायता से चाइल्ड हेल्थ पर कार्यक्रम प्रसारित किये गये हैं। परिसर समुदाय की मांग पर इस केन्द्र ने आपका साथ आपकी बात, ओल्ड इज गोल्ड तथा बालीवुड ब्रेक जैसे संगीत कार्यक्रमों को भी प्रसारित किया है। विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को प्रेरित करने के लिए ख्याति प्राप्त लोगों के साक्षात्कार भी प्रसारित किये गये हैं। इन कार्यक्रमों में परिसरवासियों की भागीदारी बढ़ी है। स्टोरी टाइम एवं नन्हें–मुन्नों के लिए कार्यक्रम कुछ ऐसे कार्यक्रम थे जिसमें परिसरवासियों के बच्चों हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा की कहानियों को शामिल किया गया। गतवर्षों की तरह इस वर्ष भी परिसरवासियों को रेडियो की महत्ता समझाने के लिए 'रेडियो जॉकी वर्कशाप' का आयोजन किया गया। इस केन्द्र का उद्देश्य श्रोताओं के मन और मस्तिष्क में रेडियो के प्रति रूचि जाग्रत करना है। इसके अतिरिक्त परिसरवासियों को कम्यूनिटी रेडियो के मूल उद्देश्य के बारे में भी जागरूक कराना है ।

डिजाइन कार्यक्रम एवं एचएसएस

कम्यूनिकेशन डिजाइन के विद्यार्थी इस केन्द्र के संसाधनों से शैक्षणिक ताल्लुक रखते हैं जिसमें विद्यार्थी सामाजिक जागरूकता से संबंधित विज्ञापनों एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। इसके अतिरिक्त एचएसएस लेवेल 1 एवं 2 के अंडर–ग्रेजुएट विद्यार्थी भी हैं जो वीडियो एसाइनमेंट पर कार्य करने के लिए इन संसाधनों का प्रयोग करते है।

प्रोडक्शन स्टूडियो एवं एडिटिंग फैसिलिटी का आधुनिकीकरण

हमने अपने कार्यक्रमों को शूट करने के लिए मल्टी कैमरों का प्रयोग किया है। यह तीन कैमरों वाला सेट है जो दृश्यों को एक साथ रिकार्ड करता है। सामान्यतः दो बाह्य कैमरे किसी भी समय सेट पर क्लोज शॉट को शूट कर सकते हैं जबकि केन्द्रीय कैमरा समग्र एक्शन को कैप्चर करने के लिए वाइडर मास्टर शॉट को शूट करता है । इस प्रकार से ऐक्शन को शुरू एवं बंद किए बिना ही मल्टी शॉट को एक बार में लिया जा सकता है । प्रोडक्शन फ्लोर के कैमरे से लिये गए संजीव ऑडियो एवं वीडियो, प्रोडक्शन कंट्रोल रूम में भेजे जाते हैं जो डीवी रिकार्डर पर

वीडियो स्विचर एवं ऑडियो मिक्स्चर एवं एच डी रिकार्डर के माध्यम से ओरिजनल, हाई क्वॉलिटी पर मल्टीपल फुटेज की मिक्सिंग एवं स्विचिंग सुनिश्चित करती है । डिजिटाइज्ड वीडियो एवं आडियो रिकार्डर के माध्यम से डिजिटल टेप हार्ड डिस्क में लाई जाती है । वाइड रेंज के सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके कम्प्यूटर द्वारा इसका संपादन कार्य किया जाता है। टेप टू टेप संपादन के लाइनर तरीके की तुलना में नॉन लाइनर संपादन, फिल्म संपादन में शिथिलता प्रदान करता है । नॉन लाइनर संपादन प्लेटफॉर्म कई विकल्प प्रदान करता है तथा वीडियो क्लिप, ऑडियो ट्रैक, ग्रैफिक्स तथा प्रजेन्टेबल पैकेज में अन्य सामग्री को एकत्रित करने के लिए प्रभावित करता है । जब एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो संपादित फुटेज को फिर से रिकार्ड या डिस्क किया जाता है तथा फिर उसे ग्राहक के पास भेजा जाता है। एनपीटीईएल के तत्वावधान में निर्मित व्याख्यानों की रिकॉर्डिंग अब संस्थान के विद्यार्थियों के लाभ को ध्यान में रखते हुए स्ट्रीमिंग स्वरूप में तैयार की जा रही है।

टीम के सदस्यों का सहयोग एवं उनके द्वारा किये गये समकालिक कार्य नए आयामों में शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उनसे जुड़े उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में हमारे लिए प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।

संस्थान अभिलेखागार

इस इकाई ने अभी तक अधिष्ठाता संकाय कार्य से प्राप्त संकाय सदस्यों से संबंधित समस्त दस्तावजों को स्कैन करके उनको संरक्षित करने का कार्य पूर्ण कर लिया है । अभिलेखागार समिति के निर्णयानुसार अब इस इकाई द्वारा कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त कर्मचारियों से संबंधित निम्नलिखित दस्तावेजों (जिनमें प्रारंभिक जीवन वृत, नियुक्ति पत्र, उत्तरवर्ती पदोन्नति एवं महत्वपूर्ण अवार्ड आदि से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं) को संरक्षित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

अवसंरचना एवं योजना

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के उपलब्ध ढाँचे का अधिक प्रभावी ढंग से रखरखाव करने (जो हाल के कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है) तथा भविष्य में किए जाने वाले निर्माण कार्यों की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान के संचालक मण्डल द्वारा अगस्त 2014 में आयोजित अपनी बैठक में अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना के गठन का निर्णय लिया गया। फलस्वरूप सिविल अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर ओंकार दीक्षित ने दिनांक 1 अगस्त 2014 को अधिष्ठाता के रूप में इसका कार्यभार संभाला। सिविल अभियांत्रिकी विभाग के सह–प्राध्यापक डा समित रे चौधरी को एसोसिऐट डीन फार फिजिकल इन्फ्रास्टेक्ट्रेचर (ADPI) के रूप में नियुक्त किया गया । यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफसर आशीष दत्ता को एसोसिऐट डीन फार डिजिटल इन्फ्रास्ट्रेक्चर (ADDI) के रूप में नियुक्त किया गया है । अब प्रोफेसर आशीष दत्ता के स्थान पर प्रोफेसर वाय एन सिंह को एसोसिऐट डीन फार डिजिटल इन्फ्रास्ट्रेक्चर (ADDI) के रूप में नियुक्त किया गया है । उल्लेखनीय है कि उक्त सह अधिष्ठाता, अधिष्ठाता अवसंरचना एवं योजना के कार्यालय के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में मदद करेंगे। अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना का कार्यालय संकाय भवन स्थित कक्ष संख्या 251, 253 तथा 280 में मौजूद है।

संगठनात्मक ढाँचा

फिजिकल तथा इन्फ्रास्ट्रेक्चर से जुड़ी हुई विभिन्न इकाईयाँ जैसे कंप्यूटर सेंटर, संस्थान निर्माण विभाग,आफिस आटोमेशन, विजिटर हॉस्टल तथा संबंधित सुविधाएं अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना द्वारा निर्देशित किये जाते हैं। अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना के कार्यालय ने विभिन्न विभागों एवं अनुभागों की कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई नीतियाँ बनाई हैं। कार्यालय द्वारा अपनाई गई नीतियों का विवरण नीचे दिया जा रहा है।

इन्फ्रास्ट्रेक्चकर एवं प्लानिंग से संबंधित दस्तावेजों के रखरखाव की नीतिः

संस्थान में मौजूदा इन्फ्रास्ट्रेक्चर तथा भविष्य में निर्मित होने वाले इन्फ्रास्ट्रेक्चर से संबंधित समस्त दस्तावेजों को अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना के केन्द्रीय सर्वर पर आर्काइव किया जाएगा।

संस्थान के अन्दर 'कन्सट्रेक्शन प्रोजेक्टस एण्ड स्पेस' के लिए एक व्यापक डेटाबेस की स्थापना की गई है।

संस्थान निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई आर्काइव कन्सट्रेक्शन एक्टिविटीज के लिए 'स्ट्रेक्टचर्ड फ्रेमवर्क' की स्थापना की जाएगी । वांछित दस्तावेजों में डिजाइन डाक्यूमेंट, मैप्स, यूटिलिटी नेटवर्क इन जियोस्पेशियल इनवायरनमेंट, आल रिलिवेन्ट ड्राइंग,कास्ट एस्टिमेट एण्ड प्रोजेक्टस शेडयूल आदि शामिल होगें।

सभी भवनों एवं ढाँचों के लिए भू–संदर्भित योजना का सृजन करना तथा भू–सदर्भित डेटाबेस का निर्माण करना।

संस्थान निर्माण विभाग द्वारा अंकेक्षित विभिन्न विभागों तथा अनुभागों के मध्य वर्क स्पेस के बेहतर वितरण एवं आवंटन का रखरखाव ।

इसका संकलन एव विश्लेषण अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना के कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

जीर्णोद्धार के दौरान निकलने वाले अप्रयुक्त मलबे की निष्पादन नीतिः

इस योजना के तहत ग्रीन सैल की सलाह के अनुसार परिसर को साफ–सुथरा एवं हरा–भरा रखने की नीति पर सतत रूप से कार्य किया जाता है । इस नीति के तहत संस्थान परिसर में जहाँ कहीं भी निर्माण

कार्य चल रहा होता है वहाँ से निकलने वाले मलबे को सही एवं सुरक्षित स्थान पर ले जाकर ठिकाने लगाया जाता है ताकि इस मलबे की वजह से संस्थान परिसर मे कहीं पर गंदगी या प्रदूषण न फैलें।

सड़क, फुटपाथ जैसे निर्माण स्थलों पर इस मलबे का संस्थान परिसर में पुनः प्रयोग करने का प्रयास किया जाता है।

बेहतर पर्यावरण अनुकूल स्पेस प्लानिंग के तहत कैंपस के आस–पास पुराने क्षेत्र को चिह्नित करने के लिए खंभों को लगाने का कार्य ।

एनर्जी इफिशन्सी लाइटिंग एवं अन्य विद्युत संरक्षण उपायों को संस्थान में प्रारंभ कर दिया गया है।

संस्थान में यातायात सुरक्षा में सुधार लाने के उद्देश्य से कई उपायों पर अमल किया जा रहा है। इन उपायों के तहत रेज्ड पेवमेंट मार्कर, स्पीड ब्रेकर, अंधे मोड़ पर कर्व्ड मिरर, ब्राईट एल ई डी लाइट्स को लगा दिया गया है।

संस्थान के अन्दर समस्त शौचालयों की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

उत्तम योजना को लागू करके संस्थान के अन्दर उपलब्ध वर्तमान भवनों की दशा मे सुधार लाने के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं ।

अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना कार्यालय द्वारा कार्यान्वित की गई कुछ प्रमुख प्रशासनिक योजनाएं।

कार्यालयों एवं प्रयोगशालाओं में नवीनीकरण तथा नये निर्माण कार्य आदि से संबंधित आवेदनों पर कार्य करने के लिए एक स्ट्रेक्चर्ड योजना का शुभारंभ ।

यूनिक रिफरेंस द्वारा समर्थित एसेस्ट आधारित ट्रैकिंग जिसके माध्यम से आज तक इन्डिविजूअल कैंपस अस्सेट पर हुए व्यय का पता लगाने में मदद मिलेगी ।
नये भवनों की आवश्यकता एवं लाइफ साइकिल कास्ट अस्सेमेन्टस से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहयोग उपलब्ध कराना।
शुरू से लेकर आखिर तक निर्माण कार्यों का पता लगाने तथा अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना कार्यालय के तहत इन्फ्रास्ट्रेक्चर यूनिटस के बेहतर संचालन के लिए उपभोक्ताओं से सुझाव एकत्र करनें मे मदद करना ।

यह सुविधा इस वर्ष के अंत तक पूरी तरह से स्व चालित हो जाएगी तथा उम्मीद की जा रही है कि इसके पश्चात संस्थान में कहीं पर भी हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का आसानी से पता लगाया जा सकेगा।

समस्त निर्माण गतिविधियाँ (योजनागत/जारी/वर्तमान भवनों का रखरखाव) की निगरानी एवं नियंत्रण तथा अन्य इन्फ्रास्ट्रेक्चर इकाईयाँ।

इन्फ्रास्टेक्टर यूनिटस के निर्माण एवं रखरखाव से संबंधित तकनीकी दस्तावेज की अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जाँच की जाती है तथा निदेशक, उपनिदेशक द्वारा वित्तीय मंजूरी मिलने से पूर्व एसोसिऐट डीन फार फिजिकल इन्फ्रास्टेक्ट्रेचर/अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना कार्यालय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

- अधिष्ठाता, अवसंरचना एवं योजना कार्यालय द्वारा ठेकेदारों एवं बाहरी एजेंसियों से गुणवत्तापूर्ण कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए उपलब्ध प्रशासनिक एवं निर्माण से संबंधित कांट्रेक्ट मैनेजमेंट के लिए भी सहयोग प्रदान कराया जाता है।

जून 2016 तक पूरे किये गये अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण इस प्रकार से है।

- छात्रवास संख्या 12 के ब्लाक ए एवं बी का निर्माण । यह छः मजिला भवन है तथा इसमें कुल छः ब्लाक उपलब्ध हैं। प्रत्येक छात्रवास में 24 डब्ल सीटेड रूम तथा 52 सिंगल सीटेड रूम हैं (प्रत्येक ब्लाक में 100 सीट्स) 4 डब्ल सीटेड गेस्ट रूम की व्यवस्था है। किचन एवं वर्कर रूम के साथ 300 विद्यार्थियों के लिए डायनिंग हाल की व्यवस्था की गई है। छात्रवास के अन्दर टी वी रूम, टेबल टेनिस रूम, लाइब्रेरी रूम, कम्प्यूटर रूम, मल्टी पर्पज हाल कैन्टीन तथा तीन दुकानें हैं। प्रत्येक ब्लाक में एक पैसेन्जर लिफ्ट तथा दो ब्लाक के बीच एक पैसेन्जर बेड लिफ्ट के साथ स्ट्रेचर भी दिया गया है। फायर फाइटिंग के लिए वेट राइजर भी दिया गया है।

- 48 फ्लैट्स वाले मल्टी स्टोरी आवासीय अपार्टमेंट का निर्माण
इस भवन में ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 6 फ्लोर्स हैं । यह सभी फ्लोर्स आरसीसी सामग्री से निर्मित किये गये हैं । प्रत्येक फ्लोर पर प्रत्येक ब्लाक में चार फ्लैटस् दिये गये हैं । प्रत्येक फ्लैटस् में तीन बेडरूम तथा बालकनी तथा दो टॉइलट्स दिये गये हैं जिनमें से एक टॉइलट्स मास्टर बेड रूम से जुड़ा हुआ है । प्रत्येक फ्लैट्स में किचन विद स्टोर एण्ड ए ड्राइंग एण्ड डायनिंग रूम एवं स्टैडी रूम भी दिया गया है। प्रत्येक ब्लाक में एक पैसेन्जर लिफ्ट दी गई है । इन दो लिफ्ट में से एक पैसेन्जर लिफ्ट में स्ट्रेचर होगा । चौथे फ्लोर पर एस्थेटिक तथा यूटिलिटी को ध्यान में रखते हुए एक प्रोजेक्टिड बालकनी दी गई है। इस भवन में आटोमैटिक फायर अलार्म सिस्टम, वेट राइजर फार फायर फाइटिंग तथा फायर स्कैप स्टेयरकैस जैसी सुविधाएं दी गई हैं। उर्जा बचत को ध्यान में रखते हुए इस भवन में आवश्कतानुसार आउटर वाल्स कैविटी, ओवरडैक अप टू द एक्सटेन्ट पोसीबल, वाटर सेविंग प्लमिंग एण्ड सैनिटरी फिक्चर्स, रि–साइकिल्ड वाटर फार फ्लैसिंग एवं एनर्जी सेविंग एलईडी लाइटिंग फिक्चर्स आदि की सुविधाएं भी दी गई हैं।

- महिला छात्रावास का निर्माण (दूसरा चरण) दृ महिला छात्रावास का निर्माण कार्य दो चरणों में किया जाना है। पहले चरण में ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 6 फ्लोर्स हैं । यह सभी फ्लोर्स आरसीसी सामग्री से निर्मित किये गये हैं । इसमें 164 डब्ल सीटेड रूम होगें । दूसरे चरण में ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 7 फ्लोर्स होगें । यह सभी फ्लोर्स आरसीसी सामग्री से निर्मित निर्मित किये जा रहे हैं जिसमें कुल 419 सिंगल सीटेड रूम होगें । 4 डब्ल सीटेड तथा दो सिंगल सीटेड गेस्ट रूम की व्यवस्था भी की गई है। इस भवन में कामन एरिया ब्लाक भी होगा जिसके अन्दर ग्राउन्ड फ्लोर सहित दो मंजिल होगें । इसमें डायनिंग हाल, किचन एरिया विद स्टोर, स्टोर एवं टी टी हाल, लाइब्रेरी, पार्लर की दुकान के अतिरिक्त अन्य चार दुकानें और भी होगीं ।

- पशुघर का निर्माण इसमें ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 2 मंजिल हैं । सभी फ्लोर्स आरसीसी सामग्री से निर्मित किये गये हैं । इस भवन में कुल 12 कमरें हैं । इस भवन में ड्रटी एवं क्लीन कोरिडोर को

अलग करने, वाश एवं आटोक्लैव रूम तथा प्रत्येक फ्लोर पर बिहैव्यिरल रूम भी दिया गया है।

➢ टाइप टू मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट (46 फ्लैट्स) का निर्माण
इस भवन में ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 7 फ्लोर्स हैं । यह सभी फ्लोर्स आरसीसी सामग्री से निर्मित किये गये हैं । इस भवन में कुल 56 फ्लैट्स होगें । ग्राउन्ड फ्लोर पर पार्किंग, इलेक्ट्रिक रूम तथा बच्चों के खेलने का लम्बा चौड़ा एरिया होगा । प्रत्येक फ्लैट्स में दो बेडरूम, ड्राइंगध्डायनिंग रूम, दो टायलट, किचन तथा यूटिलिटी बालकनी होगी।

➢ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी हाउसिंग सुविधा का निर्माण
इस भवन में ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 5 फ्लोर्स हैं। इस भवन में लड़कों के लिए 55 तथा लड़कियों के लिए 30 कमरे हैं । इसके अतिरिक्त कपल के लिए 18 स्टूडियों अपार्टमेंट भी हैं।

➢ फ्लैक्सिबल इलेक्ट्रानिक्स सेन्टर का निर्माणः इस भवन में ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 7 फ्लोर्स बनाने की योजना थी। यह सभी फ्लोर्स आरसीसी सामग्री से निर्मित किये गये हैं । इस भवन में नेशनल एयरसोल फैसिलिटी तथा एन ई टी प्रोग्राम जैसी सुविधाएं होगी । बजट की कमी के कारण अब नेशनल एयरसोल फैसिलिटी भवन को ग्राउन्ड फ्लोअर सहित कुल 3 फ्लोर्स का बनाया जा रहा है ।

➢ संकाय भवन की स्ट्रेक्चरल रिपेयरिंग एण्ड एक्सटर्नल पेन्टिंग
संकाय भवन संस्थान की आत्मा है । यह भवन काफी पुराना है जिसके फलस्वरूप अब यह भवन बाहर से कमजोर नजर आने लगा है। इस भवन की उम्र को बढ़ाने के लिए इसके बाह्य ढाँचे की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

➢ नोयडा स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के एक्सटेंशन केन्द्र के फैसिलिटेशन एवं सर्विस ब्लाक का निर्माण । इस नये भवन में इलेक्ट्रिकल वायरिंग की आवश्यकता भी है।

➢ विभिन्न स्थलों पर डी जी सेट की स्थापना।

➢ फैकल्टी अपार्टमेंट के नजदीक नये 11टध्433ट सब स्टेशन की स्थापना ।

➢ वेस्टर्न लैब स्थित कक्ष संख्या 302 एवं 304 में केन्द्रीय चिल्ड वाटर सिस्टम के माध्यम से वातानुकूलन की सुविधा ।

➢ लगभग 20 साल से भी ज्यादा पुरानी 100 विन्डो ए सी का रिप्लैस्मन्ट

➢ एसीईएस भवन के थर्ड फ्लोर पर स्थित खराव एएचयू के स्थान पर नये एएचयू 1800 सीएफएम केपैसिटी का रिप्लैस्मन्ट । इस सुविधा को बायबैक के तहत खरीदा गया है।

संरक्षा प्रतिवेदन

संस्थान कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए संरक्षा प्रकोष्ठ द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमों को संचालितध्आयोजित किया गया है ।

संरक्षा अंकेक्षण
संस्थान की संरक्षा इकाई ने संस्थान स्थित विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं कार्यालयों में विद्युत, अग्नि, मैकेनिकल, सिविल,निर्माण एवं कैमिकल सेफ्टी से संबंधित असुरक्षित जगहों का पता लगाने का कार्य किया है । यह इकाई वर्ष के दौरान लगभग ऐसी 106 जगहों का पता लगाने में कामयाब हुई है।

संरक्षा प्रशिक्षण
लैबोरेट्री सेफ्टी प्रैक्टिस, फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी जैसे विषयों पर समय–समय पर कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है । वर्ष के दौरान लगभग 210 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

दुर्घटना/ घटना की जाँच एवं उसकी रिपोर्ट
संरक्षा इकाई ने संस्थान में जहाँ कहीं भी छोटी या बड़ी घटना घटित हुई है उसकी उचित जाँच की है । तथा जाँच के पश्चात संबंधित विभाग, अनुभाग को भविष्य मे इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए उचित सलाह भी दी है।

संरक्षा उपकरण
संस्थान सुरक्षा के प्रति अत्यन्त गंभीर है तथा इस गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा शोध प्रयोगशालाओं में कार्य करने वाले कर्मचारियों को संरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये हैं जिसमें फायर इक्स्टिंगग्विशर, फायर डिटेक्शन सिस्टम तथा अन्य संरक्षा उपकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त संस्थान में कार्य करने वाले समस्त ठेकेदारों को भी सख्ती से सलाह दी गई है कि वे भी अपने यहाँ कार्य करने वाले कर्मियों को संरक्षा उपकरण उपलब्ध करायें

माडीफिकेशन/ नई फैसेलिटी
संरक्षा इकाई द्वारा माडीफिकेशन/नई फैसेलिटी का संरक्षा की दृष्टि से अध्ययन किया गया है। संरक्षा की दृष्टि से हरी झण्डी मिलने के पश्चात ही इन माडीफिकेशन/नई फैसेलिटी पर कार्य किया जाएगा।